**एक नजर में**

### सांसद ने व्यापारियों को जीएसटी के फायदे बताए



**पचोर 24 सितम्बर, सं.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दर कम किये जाने से होने वाले लाभ एवं फायदे के बारे में नगर भ्रमण कर व्यापारियों को पुष्प कुछ एवं माला पहनकर संवाद किया वही उपभोक्ताओं से भी चर्चा कर जीएसटी की दर कम होंने का फायदा उठाने की बात कही वहीं व्यापारियों से भी आग्रह किया कि जीएसटी कम होने का फायदा उपभोक्ताओं का दिया जाए. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित रघुराज राणा सीताराम लहरी सुदर्शन सोनी राधेश्याम गुर्जर संतोष अग्रवाल कमल सक्सेना मनीष यादव मनीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### आयुर्वेद दिवस पर पौधारोपण

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** देश में मनाए जा रहे दसवे आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में शासकीय आयुर्वेदिक औषद्यालय गागोरनी में आयुर्वेद सम्बंधित जानकारी दी. जहां पर भारतीय जनता पार्टी संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, जनपद प्रतिनिधि, सरपंच महेश कुमार राव जगदीश काका, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतुल प्रजापति, कंपाउंडर पवन विश्वकर्मा द्वारा औषधालय में भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित एवं गांव वालों को आयुर्वेद औषधि के बारे में समझाया गया. आयुर्वेद ऐसा इलाज है जिससे हर बीमारी में लाभ होता है. तत्पश्चात पीएम श्री हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गागोरनी में वृक्षारोपण प्राचार्य रमेशचंद दांगी, ओम गुप्ता ने किया एवं बच्चों को औषधीय के बारे में विस्तृत जानकारी देकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

### ग्रामीणों के लिए नई सुविधाओं का शुभारंभ

**राजगढ़ 23 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत ग्राम करनवास स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था में सीएससी बहुउद्देशीय कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ पीएस बारोटिया रहे. इस अवसर पर सीएससी सेंटर से जुड़े श्री सुमन, सुरेश वर्मा, अभिषेक आचार्य, बने सिंह, लक्ष्मीचंद्र यादव, अशोक यादव, राधेश्याम, रामबाबू पटेल सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

साथ ही इस नए सीएससी बहुउद्देशीय केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को अब केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की सुविधाएँ सरलता से मिलेंगी. डिजिटल सेवाओं तक सीधी पहुँच मिलने से ग्रामीण अंचल के नागरिकों को समय और संसाधनों की बचत होगी. यह पहल न केवल ग्रामीण क्षेत्र को डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से जोड़ती है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को एक नई दिशा प्रदान करती है.

# निकायें 88 प्रतिशत शिकायतें सुलझा पाईं

## सीएम हेल्पलाईन में लापरवाही पर कलेक्टर ने की कार्यवाही, नागरिक शिकायतों के बाद हरकत में आया प्रशासन

**समीक्षा बैठक में वन-टू-वन चर्चा के दौरान विभागों को कलेक्टर की दो टूक**

**आबकारी, कृषि उप संचालक और विज्ञान प्रौद्योगिकी पर 5-5 हजार का जुर्माना लगाया**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का. जिले में निकायें सीएम हैल्पलाईन के प्रकरणों में शिकायत सुलझा नहीं पा रही है. इसे लेकर समीक्षा बैठक में कलेक्टकर डॉ. मिश्रा ने समय-सीमा पत्रों पर वन टू वन चर्चा की. साथ ही सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई- ऑफिस में सभी जिला अधिकारी ई-फाईल ही भेजें. साथ ही फाइलों को नस्ती भी करें. सभी विभागीय अधिकारी कोर्ट प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण करें.**

सीएम हेल्पालाईन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण न करने पर उप संचालक कृषि, आबकारी अधिकारी, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी पर पांच-पांच हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया. समाधान ऑनलाईन की शिकायतों का जिला अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें. कर्मकार मंडल में अपील के बहुत से प्रकरण पेंडिंग है.

### 60 प्रतिशत मामले भी नहीं हो रहे संतुष्टि के साथ बंद



जिले में आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 60 प्रतिशत मामलों में भी शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है. यानी वे अपनी शिकायत संतुष्टि के साथ बंद नहीं कर रहे. विभाग उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं कर पा रहे है. सीएम हेल्प लाईन डेशबोर्ड अनुसार माह जुलाई अगस्त एवं सितम्बर 2025 की ग्रेडिंग में जिले में नगर पालिका परिषद सारंगपुर की रेटिंग 100 प्रतिशत प्राप्त कर सारंगपुर नगर पालिका सीएम हेल्पसलाईन ग्रेडिंग 20 सितम्बर की रिपोर्ट के अनुसार तीसरी बार राजगढ जिले में अव्वल रही. मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुनहरे द्वारा शाखा प्रभारियों एवं वार्ड प्रभारियों को प्रगति लाने निर्देशित किया.

### राशन दुकानों पर हर महीने स्टॉक चेक करना अनिवार्य

जिला कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों के निर्देश दिए कि वे राशन दुकानों पर हर माह का स्टॉक चेक करें, कितना राशन मिला और कितना राशन बंटा, कितना मिसमैच है, यह हर माह चेक करें, राशन दुकानों पर गड़बड़ी मिलने पर तत्कील कार्यवाही करें. यह निर्देश मंगलवार देर रात तक चली समय-सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दिए. इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चौहान भी उपस्थित रहें.

### नगरीय निकायें नहीं कर पा रही स्थानीय समस्याओं का हल

20 सितम्बर के आंकड़ों के अनुसार जिले में नगरीय निकायें स्थानीय स्तर पर सीएम हैल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण नहीं कर पा रही है. जिले का औसत 88 प्रतिशत है. यानी 100 में से 88 शिकायतों का ही निराकरण हा पा रहा है. इनमें से ज्यादातर शिकायतें नालियों, गलियों में कचरे, जलप्रदाय और स्थानीय मुद्दों को लेकर ही होती है.

### सारंगपुर तीसरी अव्वल, खिलचीपुर फिसड्डी

जिले में सारंगपुर नगर पालिका लगातार तीसरी बार सीएम हैल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अव्वल रही है. यहां शत प्रतिशत मामलों में प्रकरण पूर्ण किए गए है. जबकि खिलचीपुर जिले में सबसे बुरी स्थिति में है. यहां महज 72 प्रतिशत मामलों में ही प्रकरण निपट पाएं है. इसके अलावा छापीहेड़ा और सुठालिया 96, जीरापुर और कुरावर 94, माचलपुर 92, बोडा 89, खुजनेर 88, ब्यावरा 87, नरसिंहगढ़ 83, पचोर 82, तलेन 81, राजगढ़ नपा 77 प्रतिशत मामलों में शिकायत सुलझा पाई है.

# मवेशियों में लम्पी रोग का प्रकोप

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 सितंबर, का. गौवंश में फैलने वाले लम्पी रोग ने एक बार फिर जिले में अपनी दस्तक दे दी है. टीकाकरण के बावजूद दिन ब दिन गौवंश में लम्पी रोग फैलता ही जा रहा है, आश्चर्यजनक बात यह है कि संक्रमण वाले इस रोग से ग्रसित गौवंश को अन्य गौवंश के बीच देखा जा सकता है. इन सब बातों से विभाग मानों अनभिज्ञ है.**

पशु चिकित्सा विभाग का कहना है कि गौवंश में लम्पी रोग न हो इसके मद्देनजर पूर्व में टीकाकरण किया गया. परन्तु इसके बाद भी नगर सहित जिले में लम्पी पीड़ित गौवंश सामने आ रहे है. नगर में भी लम्पी पीड़ित गौवंश की संख्या बढ़ रही है. बुधवार को प्रात: 9.46 बजे स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित पंचशील कॉलोनी में एक लम्पी से पीड़ित गौवंश अन्य गौवंश के बीच बैठे हुए नजर आया. फिलहाल विभाग के पास लम्पी पीड़ित गौवंश के संबंध में कोई जानकारी नहीं है. मवेशी में होने वाला लम्पी रोग संक्रमण है जो कि एक मवेशी से दूसरे मवेशी में फैलता है. वर्तमान में जो भी लम्पी प्रभावित मवेशी है वह अन्य मवेशियों के साथ झुंड में ही रह रहे है. हालांकि लम्पी वायरस इंसानों में नहीं फैलता है. सावधारी बरतते हुए दूध का उपयोग करने से पहले उसे अच्छी तरह उबालना चाहिए. पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करवाए.



**हजारों मवेशी सडकों पर-** मवेशियो को पूरी तरह से संरक्षण एवं उनकी देखभाल करने हेतु बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गये थे फिर भी आज भी हजारों की संख्या में मवेशी सडक, चौराहो, हाईवे पर देखे जा सकते है. विगत दिवस प्रशासन द्वारा हाईवे पर विचरण करने वाले मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के निर्देश दिए गये थे. मार्गो पर मनरेगा कर्मचारी तैनात किया जाये ताकि मवेशी सडक दुर्घटना का कारण न बने. जिले भर में मात्र 140 गौशालाएं संचालित है. 111 गौशालाएं शासकीय तथा 29 गौशालाएं अशासकीय है. प्रत्येक गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता लगभग 100 के आसपास है. इस तरह जिले में 65 हजार गौवंश है और 14 हजार के आसपास ही गौशालाओं में रह रहा है.

*यदि किसी मवेशी में लम्पी रोग के लक्षण है तो वह टीम द्वारा दिखवा रहे है. ऐसे मवेशियों को अन्य मवेशियों से अलग रखा जाये.*

**एम.एस. कुशवाह**
**जिला उप संचालक**
**पशु चिकित्सा विभाग राजगढ़**

# 11 वीं बार मां बनी भैंस, जुड़वा बच्चों का जन्म दिया



**अजब-गजब**

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर/ पड़ाना 23 सितम्बर, सं.** ग्राम रामपुरियाखेड़ा में एक भैंस ने दो बच्चों को जन्म दिया. 11वीं बार भैंस बच्चों को जन्म दे चुकी है. उक्त भैंस रमेश चंद चोपड़ा की बताई गई हैं. पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्य ने बताया की भैंस में भी जुड़वाँ बच्चे हो सकते हैं, लेकिन यह बहुत ही दुर्लभ घटना है. अधिकांश भैंसें एक ही बच्चा देती हैं. जुड़वाँ बछड़ों की संभावना लगभग 0.5 से 2 प्रतिशत तक ही होती है. अगर जुड़वाँ बछड़े हों तो अक्सर दोनों कमजोर पैदा होते हैं और उनका जीवित रहना मुश्किल होता है. कभी-कभी केवल एक ही बछड़ा स्वस्थ रहता है. लेकिन रामपुरिया में जन्मे जुड़वा बच्चे पाड़े दोनों स्वस्थ है. माँ भैंस पर भी दूध उत्पादन और शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है.

### विशेष स्थिति फ्री मार्टिन केस

अगर जुड़वाँ में एक नर और एक मादा पैदा होते हैं, तो प्रायः मादा बछिया बांझ हो जाती है, जिसे फ्री मार्टिन कहा जाता है. यानी, भैंस में जुड़वाँ बच्चों का होना संभव है, लेकिन यह असामान्य और अक्सर जोखिमभरा होता है. जुड़वाँ बच्चों के कारण भैंस पर गर्भावस्था और दुग्ध उत्पादन का ज़्यादा दबाव पड़ता है. पशुपालक चेतन जाट पिता रमेश चंद ने बताया की दोनों जुड़वा पाड़े स्वस्थ है एवं भैंस ने 11 वीं बार बच्चे दिए है. प्रसव के बाद उसे कैल्शियम और ऊर्जा की कमी (मिल्क फीवर, केतोसीस जैसी समस्याएँ) का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए पशुपालक को बेहतर पशु चिकित्सा हेतु पशु चिकित्सक से लगातार पशु चिकित्सकीय परामर्श लेने हेतु कहा गया है.

### अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप के आवेदन

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के दवारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के लिए 30 हजार रुपये प्रति वर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। योजना का उददेश्य सामाजिक एवं आर्थक रूप से वंचित वर्ग की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित एवं सतत बनाए रखने के उददेश्य से प्रारंभ की गई है. अजीम प्रेमजी फाउडेशन स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण में 30 सितम्बर तक आवेदन ऑनलाईन कर सकेंगे.

# इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर के छात्रों का दल पहुंचा उज्जैन कॉलेज

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 23 सितम्बर, सं.** शाउमा विद्यालय मोहन में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर के छात्र छात्राओ का भ्रमण दल उज्जैन स्थित महाँकाल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पहुंचा. विद्यार्थियो ने इंजीनियरिंग से सम्बंधित जानकारी को प्राप्त की. संस्था का भ्रमण किया. उज्जैन के संस्था प्राचार्य डॉक्टर शाह और प्रोफेसर आशीष विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की. व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद साबित हो रही है. भ्रमण दल के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षक राजकुमार सिंह खींची और आईटी ट्रेड के ऋतुराज व्यास और संस्था से प्राचार्य उषा जोशी मोतीलाल लववंशी और भगवत सिंह सोनगीरा उपस्थित रहे व्यावसायिक शिक्षा का उदेश्य छात्रों को रोजगार से जोड़ना और नयी तकनीक से परिचित करना है.



# निर्माण में लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों को करेंगे ब्लैकलिस्ट

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 24 सितम्बर, सं.** नगर वार्ड क्रमांक 8 व 16 अंडर ब्रिज सहित सुदर्शन नगर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण के अंतर्गत होने वाले आरसीसी निर्माण कार्य के पहले नपा सीएमओ ज्योति सुनहरे, इंजिनियर विक्की ब्रामणे, साथी कर्मचारी, गोकुल पुष्पद ने ओचक निरीक्षण किया. साथ ही ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए. सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण करने पहुंची सीएमओ ने निर्माण कार्य में इस्तमाल किए जाने वाले मटेरियल की गुणवत्ता की जांच की. इस दौरान उन्होनेने संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाएं रखने के निर्देश दिए. निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा. वहीं



सीएमओ सुनहरे ने कहा कि लम्बे समय से क्षेत्र की जनता इस रोड को बनवाएं जाने की मांग कर रही थी. क्षेत्र वासियों की समस्या का निदान किया जा रहा है. बताया गया कि शिव साधना का यह मार्ग काफी जीर्णशीर्ण हो गया है. शहर के विभिन्न वार्डों के निर्माण कार्य 2 साल पहले स्वीकृति टेंडर होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा था. जिस पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने ठेकेदारों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई के साथ ब्लैक लिस्टेट करने की चेतावनी दी थी.

### ममताबाई को मिली चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़ द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ के प्रतिवेदन पर ग्राम बांडी निवासी सुनील की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण वैध वारिस पत्नि ममताबाई को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई.

# चीन से युद्ध में अहीर रेजीमेंट के अमर शहीदों की कलश यात्रा ब्यावरा पहुंची, आत्मीय स्वागत





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 सितंबर, का.** सन 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला पोस्ट पर लड़ाई में अमर शहीद हुए अहीर समाज के शूरवीर योद्धाओं के माटी की पवित्र रज कलश यात्रा का मंगलवार को नगर में आगमन हुआ. कलश यात्रा का 12 अप्रैल को छपरा बिहार से शुभारंभ हुआ है. कलश यात्रा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पांडिचेरी, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान से होते हुए शिवपुरी से मध्य प्रदेश में आयी. प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में कलश यात्रा का आगमन हुआ. कलश यात्रा का यादव धर्मशाला पर जोरदार स्वागत किया. इस दौरान यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव, गोपाल यादव, नेम सिंह यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, रतन सिंह यादव, प्रेम सिंह, लक्ष्मीनारायण यादव, दिलबर यादव, पर्वत यादव, कैलाश यादव, राजेश, बद्री लाल यादव वकील, महेंद्र यादव, दिनेश, रामचंद्र, जितेंद्र, जगदीश, रामप्रसाद यादव सहित समाज बंधु उपस्थित रहे.

**आस्था** नवरात्रि में अंजनीलाल धाम पर प्रतियोगिताएं शुरू, संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए सैकड़ों बच्चे

# धर्म, संस्कृति और इतिहास के सौ प्रश्नों के हल खोजे



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 सितंबर, का.** धर्म, संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चों को हो तथा देश के महापुरुषों के इतिहास के बारे में वह रुबरु हो सके इस उद्देश्य से नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर नवरात्रि महोत्सव के तहत मंदिर ट्रस्ट द्वारा बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है. दशकों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में हर आयु के बच्चो में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिये गीत-संगीत, गायन, नृत्य प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे है. बुधवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा मंदिर धाम पर आयोजित की गई जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के सैकड़ो की संख्या में बच्चे शामिल हुए. प्रतियोगिता में रामायण, महापुरुषों, हमारी संस्कृति से जुड़े 100 प्रश्न पूछे गये. प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को ट्रस्ट परिवार की और से बिस्किट के पैकेट वितरित किए गये. इस दौरान मंदिर ट्रस्ट परिवार के सदस्यगण, श्रद्धालुजन, शिक्षकगण व्यवस्थाओं में लगे रहे.

### गीत-गायन प्रतियोगिता आज

आज 25 सितंबर को गीत-गायन प्रतियोगिता सायंकाल 7 बजे से होगी. जबकि 26 सितंबर को सायंकाल 7 बजे से नृत्य प्रतियोगिता होगी. किसी भी प्रतियोगिता का कोई शुल्क नहीं है. प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में झिझक दूर होकर मंच पर प्रस्तुति देने की प्रेरणा मिलेगी. साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से धर्म, शास्त्र, भारतीय संस्कृति, सभ्यता और महापुरुषों के जीवन चरित्र पर आधारित विस्तृत जानकारियां बच्चों को मिलेगी.

### डिफेंस काउंसिल भर्ती की अंतिम तिथि बढ़ी

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में लीगल एड डिफेंस काउंसेल सिस्टम योजना अंतर्गत चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल के 01 पद, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसेल के 02 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल के 03 पद, इस प्रकार कुल 06 पदों पर संविदा के आधार पर भर्ती को 25 सितम्बर किया गया है.


**निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय**

GNMTST परीक्षा उत्तीर्ण ही प्रवेश के पात्र रहेगें।

सत्र 2025-26 GNM पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

| | |
|---|---|
| 1 ऑनलाईन आवेदन एवं संसोधन | 22-09-2025 से 30-09-2025 |
| 2 रिक्त सीटों का प्रकाशन | 29-09-2025 |
| 3 मैरिट सूची का प्रकाशन | 01-10-2025 |
| 4 संस्था का चयन (म.प्र. निवासी) | 02-10-2025 से 07-10-2025 |
| 5 प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी प्रथम चरण | 13-10-2025 |
| 6 आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश एवं दस्तावेजों का सत्यापन | 14-10-2025 से 18-10-2025 |

(https://dme.mponline.gov.in)

पता:-अभयपुर रोड ग्राम कटारियाखेड़ी ब्यावरा-राजगढ, मोबा.: 9425039231, 7440663447